सार-समाचार

सिंघवी ने अवैध निर्माण का मामला उठाया

छबड़ा (निसं)। विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने मंगलवार को राजस्थान विधान सभा में ध्यान आकर्षण प्रस्ताव के जरिए छबड़ा नगरपालिका में सरकारी जमीन पर अवैध रूप से निर्माण किए गए मुस्लिम मुसाफिर खाने का मामला उठाया। जवाब में स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि नगरपालिका छबडा में लगभग 9 हजार वर्ग फीट जमीन पर बिना आंवटन के अतिक्रमण करके निर्माण कर लिया गया है। उस निर्माण में एक हॉल बरामदे के साथ 10 दुकानों का भी निर्माण कर लिया है और उन दुकानों को किराए पर उठा दिया गया। नगरपालिका छबड़ा द्वारा बिना आंवटन बिना स्वीकृति के विधायक कोष के 10 लाख रूपये निर्माण में लगा दिए गए। स्वायत्त शासन मंत्री ने नगरपालिका छबडा को निर्देश दिए कि 10 दुकानों को तत्काल प्रभाव से सीज करके अपने कब्जे में ले और फिर आगे विधिक कार्रवा की जाएगी। मंत्री ने जवाब देते हुए कहा कि पूरे प्रकरण में जितनी अनियमितता हु है, जिस-जिसने अनियमितता की है उन सभी तथ्यों की जांच कर 10 दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए जिला कलैक्टर को निर्देशित किया। रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद गुणावगुण के आधार पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। स्वायत्त शासन मंत्री ने जिला कलक्टर को पूरे प्रकरण की संपूर्ण जानकारी लेकर सुस्पष्ट जांच रिपोर्ट पेश करने हेतु निर्देशित किया और नगरपालिका को निर्देश दिए कि अवैध 10 दुकानों को सीज करके अपने कब्जे लिया जाए।

अखंड भारत दिवस पर झांकियों के साथ शोभायात्रा निकालेगी

रावतभाटा, (निसं)। हिंदू जागरण मंच खंड रावतभाटा द्वारा अखंड भारत दिवस पर झांकियां के साथ शोभायात्रा निकालेंगे। हिंदू जागरण मंच के नेतृत्व मे 15 अगस्त को अखंड भारत दिवस संकल्प शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। हिंदू जागरण मंच नगर युवा प्रमुख विक्रम जैन एवं नगर संयोजक दिनेश ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि अखंड भारत संकल्प दिवस शोभायात्रा के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में अखंड भारत दिवस पर कार्यक्रमों की श्रृंखला में 15 अगस्त को दोपहर 4 बजे बप्पा रावल चौराहा चारभुजा से राणा पूजा स्टेडियम तक शोभायात्रा हिंदू जागरण मंच के नेतृत्व में निकाली जाएगी। शोभायात्रा कार्यक्रम के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां दी गई। कार्यक्रम संयोजक चेतन सिंह सांखला व सहसंयोजक दिनेश ठाकुर रहेंगे। इसी के साथ क अन्य जिम्मेदारियां भी कार्यकर्ताओं को बाटी गई, बैठक में सहसंयोजक जितेंद्र जैन, चेतन सिंह साखला, ओमप्रकाश भोई, प्रवीण लाड़, दिनेश ठाकुर, पंकज सिंह, विक्रम जैन, गिरिराज डिगोनिया मौजूद रहे।

पंचकर्म चिकित्सा शिविर का आयोजन

बूंदी (निसं)। आयुर्वेद के प्रणेता महर्षि चरक के अवतरण दिवस को चरक जयंती के रूप में नागपंचमी (9 अगस्त) को हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। इसी आयोजन की श्रृंखला में बूंदी के बालचंदपाडा स्थित राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय के पंचकर्म विशिष्टता कैंद्र में 9 दिवसीय पंचकर्म चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर प्रभारी पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ सुनील कुशवाह ने बताया कि 1 अगस्त से संचालित इस शिविर में ओस्टियो आर्थराइटिस, न्यूरेल्जिया,सिएटिका,वेरिकोज वैन, न्यूरोमस्कुलर डिजिज, एवीएन,आर्थराइटिस,फ्रोजन शोल्डर, पैरालाइसिस, माइग्रेन, तनाव, अनिद्रा से पीडित आदि जटिल, कष्टसाध्य रोगियों का एकांग-सर्वांग अभ्यंग स्वेदन, पीपीएस, बस्तिकर्म, रक्तमोक्षण, सिरावेध, शिरोधारा, माइंड मसाज जानुधारा,कटिग्रीवाजानूबस्ति,लेप आदि शास्त्रीय उपक्रमों के साथ साथ अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों से उपचार किया जा रहा है। इस शिविर में अब तक देश के 3 राज्यों के 9 जिलों के 427 रोगियों का उपचार किया जा चुका है।

नाई महासभा की कार्यकारिणी गठित

छबड़ा (निसं)। राष्ट्रीय नाई महासभा की कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें दायित्ववान पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान किया गया। निपानियां निवासी बनवारी सेन ने बताया कि महासभा जिलाध्यक्ष राधेष्याम सेन व अषोक सरना की सहमति से जयनारायण सेन (खेंजड़ा) को तहसील अध्यक्ष, जमनालाल सेन (चांचौड़ा), हेमराज (कडैयावन), मोहनलाल (छबड़ा) को उपाध्यक्ष, मोहनलाल खांकरा, गिर्राज प्रसाद, अमरसिंह (छबड़ा) को सचिव, राकेष कुमार को कोशाध्यक्ष, रामभरोस फलिया को संगठन सचिव बनाया गया है। यहां सामाजिक कुरूतियो को दूर करने व समाज को मजबूती प्रदान करने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर गौरव सेन, सुनील, अषोक, विनोद, कुलदीप, रघुनंदन, गणेष, संजू, बंकट, हंसराज, मनोज, रामपाल, नितिन, अरविंद, नीरज आदि मौजूद रहे।

सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव संबंधी जानकारी दी

छबड़ा (निसं)। कस्बे में चल रहे सात दिवसीय आत्मरक्षा तकनीकों पर आधारित गैर आवासीय प्रशिक्षण के छठे दिन एसआरजी श्वेता गालव, रजनी शर्मा, केआरपी गोरी राणा, रेखा यादव ने संभागियों को प्रशिक्षण का अभ्यास कराया। यहां इन्होने किशोरावस्था में पोषण का महत्व एवं भारत एवं राजस्थान सरकार द्वारा बालिकाओं के लिए विभिन्न योजनाओं की जानकारी के साथ ही सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव संबंधी जागरुकता पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में सह व्यवस्थापक विक्रम भारद्वाज, हनुमान प्रसाद शर्मा ने संबलन प्रदान किया। सीबी ओ ओमप्रकाश गालव के निर्देश पर संदर्भ व्यक्ति शंकरलाल नागर ने शिविर का निरीक्षण किया। साथ ही हरियाली तीज पर पौधरोपण किए जाने के निर्देष दिए।

स्तनपान से जुड़ी जानकारी दी

छबड़ा (निसं)। आंगनबाड़ी केंद्र भीलवाडा ऊंचा पर संस्कार सेवा संस्थान तथा आईपी ग्लोबल के संयुक्त तत्वावधान में विश्व स्तनपान दिवस मनाया गया। पोषण चैंपियन विजय कुमार शर्मा ने मां का दूध नवजात शिशु के लिए सबसे सर्वोत्तम बताया और कहा कि स्तनपान शिशु को सभी आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है जो उनके विकास के लिए महत्वपूर्ण होते हैं, शिशु के पाचन तंत्र के लिए स्तन का दूध आसानी से पचने योग्य होता है। ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर अनुराधा सोनी ने स्तनपान के बारे में महिलाओ को विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान एएनएम मंजू चौधरी, आशा सहयोगिनी ममता शर्मा, सहायिका रामप्यारी बाई सहित महिलाएं मौजूद रही।

जिला स्तरीय कार्यशाला आज

बूंदी (निसं)। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम 10 अगस्त एवं मॉप अप दिवस 17 अगस्त का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। एनडीडी कार्यक्रम में समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों (शहरी एवं ग्रामीण), राजकीय एवं निजी विद्यालयों, उच्च शैक्षिणक संस्थानों पर 1 से 19 वर्ष के बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को एल्बेंडाजॉल की दवा खिलाई जाएगी। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक व जिला स्तरीय कार्यशाला/प्रशिक्षण का आयोजन 7 अगस्त को दोपहर 12 बजे जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगा।

भजन व सत्संग जारी

बून्दी (निसं)। सावन के पूरे मास नारायण भगवान की बगीची में शिव साधना के साथ चलने वाला भजन, सत्संग मंगलवार को लगातार 14वें दिन भी जारी रहा। इस भजनामृत समागम में भजन गायक विनोद चौंद, रामलाल कोली, भैरू गुर्जर, मांगीलाल महाराज, गणेश राव, रामकुँवार गुर्जर, रामनाथ, रामस्वरूप धगाल ने भक्ति भाव से भजनों की प्रस्तुतियां दी। इस दौरान बहादुर सिंह, महेन्द्र गुर्जर ने वाद्यों पर अपनी कला का परिचय दिया। इन मौके पर बगीची के मुख्य पुजारी सत्यनारायण बगरवाल और सेवादार महावीर हरसल ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। रात्रि को सोजी धगाल की अगवाई में बड़ी संख्या में युवाओं, महिला पुरूषों ने महाआरति में भाग लिया।

बैठक में पौधारोपण पर चर्चा की

छबड़ा (निसं)। गायत्री मंदिर पर वनवासी कल्याण परिषद की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पौधरोपण पर चर्चा की गई। जिसकी अध्यक्षता अशोक भार्गव द्वारा की गई। सचिव रविंद्र गुप्ता ने बताया कि बैठक का षुभारंभ भवानीशंकर शर्मा द्वारा साधना नित्य साधना के साथ किया गया। अध्यक्ष सुरेश गुप्ता द्वारा 18 अगस्त को कटिखंडी गौशाला पर वृक्षारोपण का प्रस्ताव पारित किया। बैठक में जिला संगठन मंत्री पहलवान भील, चंद्रप्रकाश गुप्ता, हरिओम शर्मा, संग्रामसिंह मीणा, लेखराज मादावत, कैलाश सोनी, पंकज गालव आदि उपस्थित रहे।

तीन मोबाइल, चार एटीएम, चेक बुक एवं एनफील्ड बाइक सहित साइबर ठग गिरफ्तार

बून्दी (निसं)। ऑपरेशन साइबर स्ट्राइक के तहत साइबर पुलिस थाना पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए 3 मोबाईल फोन, 4 एटीएम, 3 पासबुक डायरी, चेक बुक, एक रॉयल एनफील्ड सहित एक साइबर ठग गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद ने बताया कि ऑपरेशन साइबर स्ट्राइक के तहत साइबर थाना प्रभारी बूंदी दयाराम के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम द्वारा साईबर अपराध के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपी साइबर ठग दिलखुश को जयपुर से गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से 03 मोबाईल फोन, 04 एटीएम कार्ड, 03 पासबुक डायरी, चेक बुक, एक रायल इनफिल्ड मोटरसाइकिल को जब्त किया हैं।

ऑपरेशन साइबर स्ट्राइक के तहत पुलिस ने एक साइबर ठग को गिरफ्त में लिया।

पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद ने बताया कि आरोपी दिलखुश ने गहन पूछताछ के दौरान अपने साथियों के साथ मिलकर भारत के समस्त राज्यों में ऑनलाइन ठगी करना स्वीकार किया। इससे पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की सम्भावना है। बड़े ही शातिर और चालाक ये आरोपी फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अतिरिक्त कमाई का लालच देकर पैसे चार पांच गुना करने के नाम पर टेलीग्राम वाट्सअप ग्रुप के माध्यम से आईडी बनवाकर लोगो से साइबर ठगी करते है और फिर राशि को विभिन्न खातों में स्थानांतरित कर लेते है।

पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद ने बताया कि वर्तमान मे जिले में साईबर अपराध की बढती घटनाओं और विभिन्न बैंकों में फर्जी चालू खाते खुलवाने की बढती संख्या के साथ विशेषकर जिले के सीमावर्ती थानों नैनवां, इन्द्रगढ, करवर, देई व लाखेरी आदि क्षेत्रों में साईबर फ्रॉड साईबर टिप्पिंग के अपराध गड़े थें। जिन्हें गंभीरता से लेते हुये साईबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु अधिक से अधिक कार्यवाही के निर्देश दिये थे और विशेष अभियान' ऑपरेशन साईबर स्टाईक के तहत साईबर अपराधियों व ठगों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की गई थी।

साईबर थाना प्रभारी बूंदी दयाराम के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम को तकनीकी सूचनाओं के आधार पर आरोपी की लोकेशन जयपुर में मिली, जिस पर टीम ने जयपुर की सांगानेर व प्रतापनगर थाना क्षेत्रों की कॉलोनियों में गहन तलाश कर एक मकान मे संदिग्ध आरोपी की मौजूदगी की जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस की सहायता से दबिश देकर संदिग्ध साइबर अपराधी दिलखुश मीणा पुत्र शिवजी लाल मीणा उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम दौलतपुरा थाना इन्द्रगढ जिला बूंदी हाल किरायेदार तिरुपति विहार कॉलोनी प्रताप नगर जयपुर पूर्व को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया।

उक्त साइबर आरोपी दिलखुश मीणा के विरूद्ध थाना इन्द्रगढ में आई.टी.एक्ट 2008 के तहत गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बैंक पास बुकों, एटीएम, डेबिट कार्ड, चेक बुक, तीन मोबाइलों व एक रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल को जब्त किया गया। इससे गहन पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की संभावना है।

साईबर थाना प्रभारी दयाराम ने बताया कि साइबर विशेषज्ञ मुकेन्द्र पाल सिंह की तकनीकी सूचना पर जेएमआईएस पोर्टल पर प्राप्त एक्नॉलेजमेंट संख्या 23707240033763 के पीड़ित गंगाधरी राजू निवासी गांधीनगर हनमकोंडा थाना सुबेदर जिला वारंगल तेलंगाना राज्य के साथ 146289 रुपये के फ्रॉड की वारदात की गई थी। जिसमें संबंधित साइबर आरोपी द्वारा 25 जून को फ्रॉड कॉल किया जाना व अपने खाते मे फोन-पे रुपये 146289 रुपये डलवाना पाया गया था। उक्त आरोपी की लोकेशन जयपुर में मिलने पर 2 अगस्त को टीम के श्याम सुन्दर सउनि व सुभाष चंद्र कानि. को साइबर अपराधियों की तलाश हेतु जयपुर भेजा गया था।

मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महा अभियान की तैयारी की समीक्षा

बूंदी (निसं)। सात अगस्त को होने वाले मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महा अभियान, हरियालो राजस्थान, एक पेड मां के नाम अभियान के लिए शिक्षा विभाग की द्वारा अब तक की गई तैयारी को लेकर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डॉ महावीर कुमार शर्मा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें ब्लॉकवार पौधारोपण तैयारी की समीक्षा की गई।

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डॉ महावीर कुमार शर्मा ने बताया कि जिले के सभी 1233 विद्यालयों में कल के लिए पौधों की व्यवस्था कर ली गई है। साथ ही लक्ष्य अनुरूप गड्ढे करवा दिए गए हैं। एक उत्सवनुमा माहौल में पौधोरापण किया जाएगा, जिसमें सभी एसएमसी, एसडीएमसी सदस्य, अभिभावक और जनप्रतिनिधि सम्मिलित होंगे। डॉ महावीर कुमार शर्मा ने बताया कि प्रत्येक शिक्षक को 30 पौधों का जिओ टेग करने की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही निर्देशित किया है कि जब तक वृक्षारोपण कार्य पूरा नहीं हो जाता और समस्त पौधों की जिओ टैगिंग नहीं हो जाती तब तक कोई शिक्षक कर्मचारी विद्यालय से प्रस्थान नहीं करेंगे। पूरे जिले में विद्यालयों में मंगलवार को प्रतियोगिताएं ओयाजित करने के साथ वृक्षों के लिए बलिदान देने वाली अमृता देवी से संबंधित जानकारी दी गई।

उपजिला कलेक्टर ने बैठक ली

रावतभाटा, (निसं)। रावतभाटा में 78 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह को उपखण्ड स्तरीय पर मानव मंदिर में सामुहिक रुप से मनाने हेतु नगर पालिका के सभागार में प्रातः 10.30 बजे उपजिला कलेक्टर महेश गगोरिया की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त विभागो के अधिकारियों व कर्मचारी उपस्थित रहे। जिसमें समस्त विभागो के अधिकारियों व कर्मचारी को विभिन्न जिम्मेदारी दी गई। इस दौरान स्वतंत्रता दिवस पर विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था समेत मुख्य कार्यक्रम स्थल पर की जाने वाली तैयारी को लेकर क महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। साथ ही स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल संचालन के लिए ध्वजारोहण का समय, परेड में शामिल होने वाले विभिन्न टुकड़ियों के पूर्वाभ्यास, राष्ट्रगान का पूर्वाभ्यास, मुख्य समारोह स्थल पर जरूरी व्यवस्था समेत अन्य कार्यक्रमों को के विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की।

बीमारियों की रोकथाम के लिए 'स्वास्थ्य दल, आपके द्वार' अभियान शुरू

बून्दी (निसं)। मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए जिले में सोमवार से 'स्वास्थ्य दल, आपके द्वार' अभियान शुरू हुआ, जिसमें स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों का भी अहम योगदान रहेगा। सोमवार को जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई।

■ अगस्त माह में आखिर तक चलेगा अभियान, सभी विभागों का रहेगा समन्वय : डॉ सामर

सीएमएचओ डॉ. ओ पी सामर ने बताया कि स्वास्थ्य दल, आपके द्वार अभियान के दौरान जिले में 267 टीमें गठित की गई हैं, जो एंटी लार्वा गतिविधि करेंगी। ये टीमें घर घर जाकर आमजन को जागरूक भी करेंगी। डॉ. सामर ने बताया कि बारिश के इस मौसम और पूर्व आंकड़ों को देखें तो पता चलता है कि अगस्त, सितंबर व अक्टूबर माह में डेंगू जैसी मच्छर जनित बीमारियां ज्यादा फैलती हैं। इसलिए मच्छरों के फैलाव को रोकने और बीमारियों की रोकथाम के लिए जिले में पांच अगस्त से स्वास्थ्य दल, आपके द्वार अभियान शुरू किया गया है, जो आगामी 31 अगस्त तक लगातार चलेगा। इस दौरान टीमें बुखार के मरीजों को चिन्हित करने व आमजन को जागरूक करने का कार्य करेंगी। टीमों में शहरी आशा सहयोगिनी, नर्सिंग स्टूडेंट्स एवं एएनएम शामिल होंगी। स्वयंसेवी संगठन व सामाजिक संस्थाएं भी सहयोग कर सकती हैं।

अभियान के दौरान रेन बसेरा, हॉस्टल, सार्वजनिक क्षेत्र, पार्क व मंदिर आदि क्षेत्रों में भी गतिविधियां की जाएंगी। सीएमएचओ डॉ. सामर ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से स्थानीय निकायों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अभियान के दौरान आवश्यक गतिविधियां करें। जिसमें नाले-नालियों की सफाई, खड़े पानी आदि में एमएलओ डालना, फॉगिंग करवाना, प्रचार प्रसार करना, सड़क पर बने गड्ढों को भरना, जिन घरों में लार्वा मिलते हैं उन्हें नोटिस देना, जुर्माना लगाना व खाली प्लाटों आदि की सफाई करवाना आदि शामिल है। टीमें घर-घर भ्रमण के दौरान डिग्गियों सहित अन्य साफ पानी में टेमीफोस दवा डालेंगी। वहीं फ्रीज की ट्रे, कूलर, मटकों, गमलों व रद्दी टायरों में पानी आदि में भी लार्वा पनपता है, इसलिए यहां नियमित सफाई की जरूरत है। आमजन जागरूकता सामग्री विभागीय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म आईईसी बूँदी से प्राप्त कर सकते हैं।

'एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत शिक्षकों ने पौधारोपण किया

नैनवां (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा नैनवा के तत्वाधान में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय और तहसील कार्यालय के बाहर एक पौधा मां के नाम पौधारोपण महा अभियान के तहत शिक्षको ने पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार रामराय मीणा रहें।मंगलवार को प्रिंसिपल विभा गौतम, रणजीत चौधरी, सीताराम धाकड़, मोहित नागर, कालूलाल गुर्जर, बंटी मीणा, अमित शर्मा, धोलू मीणा पीटीआई आदि शिक्षको ने ट्री गार्ड सहित स्वयं के खर्चे से पौधारोपण किया। संघटन के मिडिया प्रभारी पंकज जैन ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन हेतु राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा नैनवा द्वारा ब्लॉक के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण का लक्ष्य रखा है। इस दौरान उपशाखा अध्यक्ष सुगनचंद मीणा, मंत्री मोहन प्रजापत, मिडिया प्रभारी पंकज जैन, उपाध्यक्ष विनोद नागर, पूर्व एसीबीईओ शिवराज कहार,प्रिंसिपल प्रतिनिधि मस्तराम मीणा,राजाराम मीणा, रामपाल मीणा,शान मीणा, रामधन चौधरी आदि उपस्थित रहे।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय और तहसील कार्यालय के बाहर पौधारोपण किया।

जलभराव कम होने के साथ ही शहर में जगह-जगह नजर गड्ढे नजर आये

बून्दी (निसं)। रविवार से हो रही भीषण बारिश से उत्पन्न हुए बाढ़ के हालात के बाद सोमवार सुबह बारिश रुकने के बाद पानी उतरने के साथ ही शहर में जगह-जगह बर्बादी का मंजर देखने को मिला। कहीं बही हुई गाडियां नजर आई तो कहीं पहाडी से आए मलवे के ढेर में दबी गाडियां नजर आई।

■ 'जल भराव क्षेत्रों के हालात सुधारने की उठाई मांग, सफाई कार्य में तेजी लाई जायें'

बात करें बूंदी शहर की तो बूंदी शहर में दो दिन पूर्व बाढ जैसे हालात नजर आए हर जगह पानी का जलजला नजर आया मकान दुकान घरों में पानी ही अपनी नजर आया गाडियां माचिस की डिब्बियों व खिलौनों की तरफ बहती हुई नजर आई। मौसम विभाग द्वारा जारी ऑरेंज अलर्ट को सटीक साबित करते हुए बूंदी में रविवार रात्रि को भीषण बारिश हुई अनुमान के अनुसार बूंदी में 1 दिन में साढ़े सात एमएम बारिश दर्ज की गई जो की एक रिकॉर्ड है एक दिन की बारिश ने ही वर्ष भर के पानी की पूर्ति कर दी। सभी बांधों ,खाल, नदियों में पानी की तेज आवक के चलते बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं कहीं गांव का संपर्क कटा हुआ है तो कहीं रास्ते रुके हुए हैं।

बालचंद पाडा क्षेत्र में स्थित बोहरा कुंड पानी से लबालब हुआ तो पानी के दबाव से कुंड की दीवार तीन तरफ से टूट गई,जिससे हादसे का खतरा हमेशा बना हुआ है। सड़क के बिल्कुल किनारे पर स्थित कुंड की दीवार टूटने से बारिश के समय तेज बहाव में जनहानि व हादसे का खतरा बना हुआ है।

वहीं विद्युत विभाग द्वारा कुंड की दीवार के पास लगाया गया 11000 केवी लाइन का पोल भी टेढ़ा हो गया जो कभी भी गिर सकता है।जिससे करंट फैलने से क्षेत्र में बड़ा हादसा हो सकता है।वही अभय नाथ मंदिर के अंदर भी तबाही का नजारा देखने को मिला, जहां कबूतरों के लिए इकट्ठा किया हुआ अनाज सहित किताबें व अन्य सामान भी गया। पुजारी शशि ओझा बताया कि तेज बारिश के बाद मंदिर परिसर में 5 से 6 फीट पानी भर गया था जिससे सारा सामान भीग गया करीबन 50000 से ज्यादा का नुकसान हुआ है वहीं पास स्थित महात्मा गांधी स्कूल परिसर भी पानी से भरा हुआ है।जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं बालचंद पाड़ा क्षेत्र में जगह जगह पहाड़ी से आई मिट्टी जमा हो गई जिससे पूरे क्षेत्र में कीचड़ जमा हुआ है।

रविवार को हुई लगातार बारिश के चलते शहर की विभिन्न कॉलोनी सहित अनैक आवासीय स्थानों पर जल भराव के चलते हुए बिगड़े हालत के चलते हुए अवरुद्ध आवागमन व रास्तो एवं घरों में गंदगी कीचड के कारण फैली परेशानी को दूर करने के लिए भाजपा नेता रुपेश शर्मा ने जिला कलेक्टर अक्षय गौदारा से वार्ता करते हुए सरकारी संसाधन लगवाकर उत्पन्न हालात को सुधार करवाने की मांग की है। शर्मा ने बताया की लक्ष्मी विहार एवं श्री राम कॉलोनी में हालात जल मग्न है और पानी निकासी की कोई सार संभाल नहीं ली जा रही। ऐसे ही कुछ हालात एक दर्जन छोटी बड़ी कॉलोनियों के बने हुए है जहाँ 3-4 फिट पानी भरा हुआ है। भाजपा नेता शर्मा की मांग पर जिला कलेक्टर ने सभी प्रभावित क्षेत्रों में संसाधन पहुंचाकर सुधार करवाने के लिए आश्वस्त किया।

शहर के वार्ड 58 एवं 59 की गलियां, नाहर का चौहट्टा, गढ़ की पड़स एवं सोत्या पाड़ा की गली, काला महल की गली, मावती टोला में रविवार को हुई झमाझम बरसात से पहाड़ों की शिल्ट एवं मलबा बहकर रोड़ पर जमा हो गया। जिससे लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया। पहाड़ी से निकलकर मिट्टी एवं बड़े-बड़े पत्थर बहकर गलियों एवं चौराहों पर आ गये, जिससे लोगों के घरों के बाहर बहुत सारा मलबा जमा हो गया। शिल्ट और मलबे के चलते बच्चों एवं आमजन का घर से निकलना भी मुश्किल हो गया। इस बाबत मंगलवार क्षेत्र के पार्षदों ने वार्डों में जमा शिल्ट व मलबे को हटाने को लेकर नगर परिषद आयुक्त को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में तीन दिन में मलबा नहीं हटाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इसके साथ ही पूर्व पार्षद कर्ण शंकर सैनी, भाजपा नेता भंवर सिंह ट्रेलर, मनीष सैन, लोकेश दाधीच, चंद्रप्रकाश शर्मा, हरि सिंह ने नाहर का चौहट्टा मेन चौराहे पर डाले जा रहे वार्डों के कचरे नहीं डालने के लिए नगर परिषद कर्मचारी को पाबंद करने की मांग भी की है।

सार-समाचार

पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

रामगंजमंडी (निसं)। राजकीय सार्वजनिक जिला पुस्तकालय रामगंजमंडी में मंगलवार को अमृत पर्यावरण महोत्सव के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुस्तकालय के समस्त पाठक एवं पुस्तकालय स्टॉफ ने भाग लिया।इस पौधारोपण कार्यक्रम में तहसीलदार नेहा वर्मा अधिशाषी अधिकारी दीपक नागर नगरपालिका रामगंजमंडी कानूनगो रवि जैन पुस्तकालय अध्यक्ष कैलाशचंद राव कनिष्ट सहायक लखविंदर सिंह एवं पुस्तकालय के पाठक सुनील कुमार मीणा नीलम मीणा चंचल मीणा सुनील मीणा कन्हैयालाल प्रियल नामा नेहा मीणा बुलबुल शर्मा ऐरंता गुर्जर व अर्जुन सेन सहित आदि ने पौधरोपण कार्यक्रम में बढ़चढ़ के भाग लिया। होमगार्ड हितेश कुमार चौधरी ने पौधों को सरक्षंण एवं सुरक्षा की जिमेदारी की शपथ ली।इस मौके पर तहसीलदार अधिशाषी अधिकारी एवं उपस्थित समस्त अधिकारियों ने पुस्तकालय की विज़िट की एवं अधिशाषी अधिकारी द्वारा पुस्तकालय में पानी की समस्या दूर करने के वास्ते ट्यूबबेल लगवाने के आश्वासन दिया।अंत मे कैलाशचंद राव पुस्तकालय अध्यक्ष द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारीयो एवं पाठकों का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया गया।

विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई

बूंदी (निसं)। स्तनपान को प्रोत्साहित करने एवं स्तनपान के प्रति जागरूक करने के लिए इनर व्हील क्लब द्वारा चलाए जा रहे स्तनपान सप्ताह के तहत मंगलवार को जनाना अस्पताल के सभागार में प्रश्नोत्तरी और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान स्तनपान के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी और स्तनपान को प्रोत्साहित करने एवं स्तनपान के प्रति जागरूकता के लिए प्रश्नोत्तरी का आयेजन किया, जिसमें छाखओं ने उत्साह से भाग लिया। इस दौरान छात्राओं ने पोस्टर स्लोगन और चार्ट्स के द्वारा स्तनपान का महत्व दर्शाया गया। कार्यक्रम में विजेताओ को इनर व्हील क्लब अध्यक्ष डॉ पूर्णिमा दीक्षित और सचिव गायत्री गुप्ता द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को स्तनपान जागरूकता को लेकर शपथ ग्रहण भी करवाई गई। इस मौके पर सरोज न्याति , पुष्पा चौधरी, श्याम लता शर्मा, अरूणा वैष्णव सहित नर्सिंग छात्र-छात्राए मौजूद रहे। वहीं मदर मिल्क बैंक में पोस्टर स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगितायें आयोजित की गई। इन बनाए गए पोस्टर स्लोगन चार्ट्स का उपयोग गर्भवती एवं धात्री माता को स्तनपान का महत्व एवं उपयोगिता की जानकारी देने के साथ ही मिल्क डोनेशन का महत्व एवं डोनेशन के लिए मोटिवेट करने में उपयोग में लिया जाएगा। इस दौरान मिल्क बैंक प्रभारी अधिकारी डॉ प्रतिभा मीणा ने बताया कि मां का दूध शिशु के लिए सर्वोत्तम आहार है। इस दौरान मिल्क बैंक मैनेजर ममता अजमेरा, सुनीता मीणा सहायक कर्मी ममता मौजूद रहे।

1965 पौधों का वितरण

रामगंजमंडी (निसं)। मोडक मंगलम सीमेंट लिमिटेड द्वारा जारी वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम में आसपास के शिक्षण संस्थाओं एवं ग्रामीण क्षेत्र को जोड़ने के प्रयास के क्रम में मंगलवार को कुल 1965 पौधों का वितरण किया।जिसमें तहसील कार्यालय चेचट को 100 पौधे जिला परिवहन कार्यालय रामगंजमंडी को 550 पौधे राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खैराबाद को 800 पौधे राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय जुल्मी को 200 पौधे ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल को 50 पौधे एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय रोंसली रोड रामगंजमंडी को 265 पौधे वितरित किये गए।मंगलम प्रबंधन द्वारा इस अभियान को सफल बनाने के लिए हर संभव सहायता जैसे निःशुलक पौधे उपलबध करवाना तथा उनके लिए गड्ढे करवाने लिये पूर्ण सहयोग दिया जा रहा है।मंगलम सीमेंट कंपनी लगातार सघन पौधरोपण कार्य को सफल बनाने के लिए प्रयासरत है।

बिरला ने कलेक्टर से फीडबैक लिया

बून्दी (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शहर में अतिवृष्टि से प्रमुख बाजारों में जलभराव स्थिति के संबंध में जिला कलेक्टर से दूरभाष पर वार्ता कर फीडबैक लिया है। बिरला ने निर्देश दिए है कि जिला प्रशासन, आपदा राहत एजेंसियों से समन्वय बनाकर काम करें। जलभराव की स्थिति में किसी तरह विषम परिस्थिति न बने, इसके लिए अलर्ट मोड में काम हो, प्रभावित होने वाले क्षेत्र में पूर्व में ही आमजन को अलर्ट करें। स्पीकर बिरला ने कहा कि झीलों के पानी के निकास के स्थायी समाधान के लिए जल्द कार्ययोजना तैयार करें। भविष्य में शहर में जलभराव की स्थिति न बने इसके लिए नगर परिषद और जिला प्रशासन मिलकर समाधान खोजें और शीघ्र प्रस्ताव बनाएं।

उपखंड स्तरीय जनसुनवाई कल

बूंदी (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत 8 अगस्त को जिले के सभी उपखंडों पर उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा।